बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में से एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों की पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी थी, जिसके आधार पर प्रकाशित RFP के आलोक में M/s Sum Drishti Education Pvt. Ltd., U.P को BSDC पीपरासी, जिला–प0 चम्पारण KYP code 09020044 आवंटित किया गया था।

M/s Sum Drishti Education Pvt. Ltd के द्वारा BSDC पीपरासी का नामांकन अपने से माह मार्च, 2018 से बंद कर दिया गया और न हीं इस संबंध में बिहार कौशल विकास मिशन को संसूचित किया गया।

उक्त संबंध में बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा संस्था से स्पष्टीकरण पूछा गया था। पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में संस्था के द्वारा अपने जवाब में संस्था के द्वारा अंकित किया गया है कि उन्हें पीपरासी BSDC को बंद करने की अनुमति प्रदान की जाये।

अतएव M/s Sum Drishti Education Pvt. Ltd को उन्हें आवंटित BSDC पीपरासी, जिला–प0 चम्पारण KYP code 09020044 का आवंटन स्थायी तौर पर रद्द करते हुए संस्था के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन में जमा की गयी उक्त केन्द्र से संबंधित सुरक्षित जमा राशि को जब्त किये जाने का आदेश दिया जाता है।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

(चन्द्रशेखर सिंह)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–26/2018 – 751 पटना, दिनांक– 21/11/2020

प्रतिलिपि– (1) M/s Sum Drishti Education Pvt. Ltd. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

(2) संबंधित जिला नियोजन पदाधिकारी/ जिला कौशल प्रबंधक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(3) मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(4) Project Director, MKCL/Project Director,E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(5) मिशन प्रबंधक(वित्त एवं लेखा)/ सहायक निदेशक, नियोजन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(6) प्रधान सचिव सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,श्रम संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित। ।

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।